एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी फ्रेमवर्क: संभावित श्रमिकों के लिए आत्म-मूल्यांकन टूल (उपकरण)

NDIS Workforce Capability Framework: Self-Assessment Tool for Potential Workers

Hindi | हिन्दी

एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क (फ्रेमवर्क) एनडीआईएस के तहत वित्त पोषित सभी श्रमिकों से अपेक्षित दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान का वर्णन करता है। यह स्पष्ट, व्यावहारिक उदाहरण प्रदान करता है और एनडीआईएस सेवाओं और समर्थन प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के लिए 'अच्छी स्थितियाँ कैसी दिखाई देती हैं' की एक साझा भाषा स्थापित करता है। यह टूल एनडीआईएस क्षेत्र में काम करने के लिए उपयुक्तता का आकलन करने के लिए फ्रेमवर्क का उपयोग करने का समर्थन करता है।

संभावित श्रमिकों के लिए आत्म-मूल्यांकन टूल पहली नौकरी की तलाश करने वालों और विकलांगता क्षेत्र के बाहर काम करने वाले ऐसे लोगों का समर्थन कर सकता है जो सम्भवत: एनडीआईएस में काम करने पर विचार कर रहे हों। टूल एक छोटे सर्वेक्षण और समर्थन कार्य के उदाहरणों का उपयोग यह दिखाने के लिए करता है कि क्षेत्र में काम करना कैसा प्रतीत हो सकता है।

यह समझना कि सहायक श्रमिकों के लिए कौन सी क्षमताओं और कौशल की आवश्यकता होती है और यह क्या आप इसके लिए उचित हैं, यह तय करने के लिए महत्वपूर्ण है कि उद्योग में भूमिका आपके लिए उपयुक्त है या नहीं।

क्या उम्मीद करें

प्रश्न फ्रेमवर्क में वर्णित गुणों और क्षमताओं पर आधारित हैं।

- **पता लगाना:** अन्वेषण करें कि विकलांगता में काम करना आपके लिए कैसा प्रतीत हो सकता है।
- **समझना:** इस प्रकार के काम के लिए आवश्यक कौशल के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें।
- **विचार करना:** पहला खंड आपके दृष्टिकोण और मूल्यों का अवलोकन करता है। आपको यह दर्जा देने के लिए कहा जाएगा कि आप बयानों की एक श्रृंखला से कितनी दृढ़ता से सहमत या असहमत हैं।
- **विचार करना:** आप विकलांगता क्षेत्र में काम करते समय घटित होने वाली सहायता स्थितियों के उदाहरण पढ़ेंगे और यह चुनेंगे कि आप बहु-विकल्प वाले विकल्पों में से क्या कार्रवाई करेंगे। आपसे यह भी पूछा जाएगा कि परिदृश्य ने आपको कैसा महसूस कराया।
- **सीखना:** तीसरा खंड आपको अपने जीवन में किए गए अनुभव और कार्य अनुभव के बारे में जानकारी दर्ज करने के लिए कहता है जो कि सम्भवत: विकलांगता क्षेत्र में काम करने के लिए प्रासंगिक हो।
- **फैसला करना:** अपने निर्णय में आपकी सहायता करने के लिए अगले चरणों पर अपने परिणामों और सामान्य मार्गदर्शन तक पहुंच प्राप्त करें।

व्यवहार में उपकरण:

अबेनी विकलांगता क्षेत्र में करियर में रुचि रखती है, लेकिन उसे पक्का पता नहीं है कि क्या उम्मीद करनी है या उसे किन योग्यताओं और कौशल की आवश्यकता है। वह **संभावित श्रमिकों के लिए आत्म-मूल्यांकन टूल** का उपयोग करती है, और विशेष रूप से परिदृश्यों को पसंद करती है, जो उसे उस प्रकार के काम के बारे में बेहतर सुझाव देता है जिसे वह कर सकती है। मूल्यांकन उसे बताता है कि उसके पास दृष्टिकोण, मूल्य और कौशल हैं जो समर्थन कार्य के लिए बहुत अच्छा होंगे।

यह टूल इस बारे में भी सुझाव देता है कि अबेनी इस क्षेत्र में नौकरी खोजने में मदद पाने के लिए आगे क्या प्रशिक्षण या अवसर खोज सकती है, और वह अपने वर्तमान कौशल को एक नई भूमिका में कैसे लागू कर सकती है। अब इस बात की स्पष्टता के साथ कि उसे किस विकास की आवश्यकता होगी और वह किस प्रकार की नौकरियों के लिए आवेदन कर सकती है, अबेनी **करियर विकल्प गाइड** का उपयोग उन भूमिकाओं की विविधता के बारे में और अधिक जानने के लिए करती है जो वह कर सकती है और वह विकलांगता सहायता क्षेत्र में करियर का निर्माण करने की योजना शुरू करने के लिए भी इस गाइड का उपयोग करती है।

टूल (उपकरण) तक पहुँचना और उसका उपयोग करना

संभावित श्रमिकों के लिए आत्म-मूल्यांकन टूल का ऑनलाइन उपयोग करना सबसे अच्छा है, हालांकि, टूल का एक डाउनलोड करने योग्य और सुलभ Word दस्तावेज़ संस्करण उपलब्ध है।

आप जितनी बार चाहें मूल्यांकन कर सकते/ती हैं, और यदि आप अपने परिणामों को बाद में संदर्भित करने के लिए बनाए रखना चाहते/ती हैं, तो आप सभी आवश्यक जानकारी दर्ज करने के बाद ईमेल के माध्यम से अपने पूर्ण परिणामों का लिंक भेज सकते/ती हैं। प्रदाता संभावित श्रमिकों के अपने मूल्यांकन के हिस्से के रूप में टूल का उपयोग कर सकते हैं।

टूल को एक्सेस करें: संभावित श्रमिकों के लिए आत्म-मूल्यांकन टूल | एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी (ndiscommission.gov.au)

फ्रेमवर्क या इसके कार्यान्वयन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस वेबसाइट पर जाएँ: https://workforcecapability.ndiscommission.gov.au/।

संपर्क: workforcecapability@ndiscommission.gov.au या 1800 035 554.